हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

11 साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए सर्वाधिक…

12 'स्वीपिंग मशीन' से चमका 'सर्कुलर रोड'…





## खबर संक्षेप

### सुनील नंबरदार ने बोर्ड चेयरमैन से की मुलाकात

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कष्ट निवारण समिति के सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार को शिक्षा बोर्ड के सामाजिक कार्यों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता नियुक्त किया है। बोर्ड के नवनियुक्त सामाजिक कार्यकर्ता नंबरदार ने नियुक्ति पर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, सांसद, बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार व भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक का आभार जताया।

### ब्राह्मण समाज की बैठक 12 को होगी

**भिवानी।** ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक 12 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे बड़चौक स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में होगी। बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज-12 के प्रधान सुरेश शर्मा खरकिया करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करना और आगामी रूपरेखा तैयार करना है। सचिव सुरेश शर्मा सैय व आश्रम समिति सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज ने बताया कि श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम का निर्माण शिक्षाविद् स्वर्गीय पंडित सीताराम शास्त्री ने किया था, ताकि समाज का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए आश्रम को अपनी निजी संपत्ति बना लिया है, जिसके माध्यम से वे जमकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।




### अंबानी ने गोशालाओं के लिए भेजे लाख रुपये

**बहल/ तोशाम।** प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी ने श्री अलख गोशाला बहल के लिए अपने जन्मदिन पर 66,000 और तोशाम की बाबा मुंगीपा गोशाला के लिए 35000 रुपये की सहयोग राशि दी है। वीरवार को श्री अलख गोशाला में गोशाला प्रधान गजानंद अग्रवाल के नेतृत्व में गोसेवकों ने अनंत अंबानी का जन्मदिन मनाया। वहीं दूसरी ओर अन्नत अंबानी ने तोशाम की बाबा मुंगीपा गोशाला की गायों के चारे के लिए 35000 रुपये की राशि भेजी है। जिस पर बाबा मुंगीपा गोशाला एवं गो अस्पताल के प्रधान सतपाल दूहन ने अंबानी परिवार का आभार व्यक्त किया है। प्रधान सतपाल दूहन का कहना था कि अनंत अंबानी के जन्मदिन पर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं तथा बाबा मुंगीपा गोशाला परिवार अनंत की दीर्घायु की कामना करता है।

### कर्मचारियों ने समान काम समान वेतन व लंबित वेतन एरियर भुगतान की उठाई मांग

# दमकलकर्मियों और सरकार के बीच वार्ता विफल, 11 तक बढ़ी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा में लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों और सरकार के बीच गतिरोध गहराता जा रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन वीरवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ यूनियन पदाधिकारियों की वार्ता बेनतीजा रही। बातचीत विफल होने के बाद यूनियन ने अपनी हड़ताल को अगले दो दिन 10 व 11 अप्रैल के लिए और बढ़ाने का निर्णय लिया है। भिवानी में धरने के दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक, किसान और कर्मचारी संगठनों ने धरनास्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया।

**महिलाओं की बड़ी संख्या में रही भागीदारी:** दमकल कर्मियों का आंदोलन अब व्यापक रूप लेता जा रहा है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी बड़ी संख्या में देखी गई। इस दौरान धरने को किसान सभा से उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व रामफल देशवाल, अध्यापक संघ से संजय गौरीपुर व लाजपत जाखड़, सीटू से कामरेड अनिल, शहीद यादगार समिति से संयोजक सज्जन सिंह सिंगला, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से राजवीर कादयान और नरेश कुमार शर्मा, बिजली निगम से अशोक गोयत, धर्मबीर भाटी, नगर पालिका संघ के राज्य उपप्रधान पुरुषोत्तम दानव, जयहिंद और रमेश, शिक्षा बोर्ड से प्रधान सत्यवीर स्वामी, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव अशोक पिलानिया व जोगेंद्र ने संबोधित किया और मांगों को पुरजोर समर्थक किया। वार्ता विफल होने पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी अब झुकने वाले नहीं हैं।

सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को अनसुना कर रही है, वहीं मंत्री के साथ हुई वार्ता पूरी तरह असफल रही है, जिसके विरोध में अब 10 और 11 अप्रैल को भी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। हमने 11 अप्रैल को राज्य स्तरीय बैठक बुलाई है, जिसमें आगामी रणनीति पर कड़ा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते मांगें नहीं मानी तो कर्मचारी आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने से भी गुरेज नहीं करेंगे।



**भिवानी।** हड़ताल के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता व विरोध जताते कर्मचारी।

- दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक, किसान और कर्मचारी संगठनों ने धरनास्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों की मांगों का समर्थन किया

#### ये रही मांगें

हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान अजय श्योराण, सचिव नरेन्द्र कुमार, उपप्रधान राजेश कुमार, अभिषेक भाटी, उमेश राठी, गौरव, नवीन, गोविन्द, सुशील जवाहरलाल, प्रेम, नवीन कुमार, रवि, प्रवीण व सुरेश ने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा और उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करना की जाए। वहीं परिवार के एक सदस्य को नियमित सरकारी नौकरी दी जाए, कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट 2024 के तहत 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी दी जाए, हरियाणा पुलिस की तर्ज पर पांच हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता एवं 7500 रूपये वर्दी भत्ता लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही समान कार्य के लिए समान वेतन और लंबित वेतन एरियर का भुगतान की मांगें उठाई।



### अवैध पोस्टरों के खिलाफ सामाजिक संगठन एकजुट, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता को बरकरार रखने के लिए सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। वीरवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट भिवानी के प्रधान मोनू भगत सिंह के नेतृत्व में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा तथा संगठनों ने सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहों पर राजनीतिक दलों व अन्य निजी संस्थानों द्वारा लगाए अवैध पोस्टरों और बैनरों से फैलने वाली गंदगी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस दौरान गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, ब्राह्मण सम्मान रक्षा संघ से कुलदीप अत्री व तारकेश्वर, आजाद ग्रुप बजीणा सोनू अत्री, सैनी विचार मंच इंडिया से जिलाध्यक्ष मुकेश सैनी, अधिवक्ता नवदीप आदि मौजूद रहे।

उपायुक्त की तरफ से उनके सुप्रीडेंट ने ज्ञापन लिया। ज्ञापन सौंपते हुए मोनू भगत सिंह ने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों और सार्वजनिक दीवारों पर बिना किसी नियम के राजनीतिक व अन्य लोगों द्वारा पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं, ये पोस्टर न केवल शहर के सौंदर्य को खराब कर रहे हैं, बल्कि फटने के बाद सड़कों पर गिरकर गंदगी का मुख्य कारण भी बनते है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इन गतिविधियों को विनियमित करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। मोनू भगतसिंह ने बताया कि बीते दिनों उनके द्वारा शहीदों के नाम से बनाए चौराहों पर राजनीतिक व अन्य पोस्टरों को हटाने का अभियान चलाया था।

## लिफ्ट देने के बहाने दो युवकों ने बुजुर्ग से 20 हजार रुपये छीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

बीते दिवस स्थानीय सुखदेव का बास निवासी बुजुर्ग रामसिंह से बाइक सवार दो युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने 20 हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए।

पुलिस को दी शिकायत में ढाणी सुखदेव सिंह का बास गांव निवासी बुजुर्ग रामसिंह ने बताया कि वह सेठ फुलचदं से बीस हजार रुपये लेकर कोर्ट लोहारु में चला गया तथा कोर्ट से फ्री होने के बाद वह कोर्ट के सामने रोड पर पहुचा तो वहां पर बाइक सवार दो युवकों ने उससे पिलानी का रास्ता पूछा। यहीं नहीं दोनों युवकों ने पिलानी रोड पर गांव सुखदेव सिंह का बास तक लिफ्ट देने की बात कही और रामसिंह दोनों युवकों के साथ बाइक पर सवार हो गया। रास्ते में ठुकराल स्कूल के पास दोनों युवकों ने रामसिंह को बाइक से नीचे पटक दिया और जेब से 20 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन आज

**तोशाम।** शुक्रवार सुबह तोशाम अनाज मंडी में किसानों की समस्याओं को लेकर और बायोमेट्रिक के विरोध में किसान संगठन के सदस्य और किसान विरोध प्रदर्शन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के तोशाम ब्लॉक प्रधान मुकेश नंबरदार ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तथा बायोमेट्रिक के विरोध में शुक्रवार सुबह 10 बजे तोशाम की अनाज मंडी में किसान संगठन के पदाधिकारी सहित अनेक किसानों की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## भिवानी-महम रोड पर अवैध कॉलोनी से तोड़ा निर्माण

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाही में की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला नगर योजनाकार विभाग ने शहरी क्षेत्र भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र मौजा कालुवास में भिवानी-महम रोड़ पर लगभग छह एकड़ में बनी एक अवैध कॉलोनी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग द्वारा जेसीबी से निर्माण कार्य को तोड़ा गया। अभियान के दौरान लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की प्रॉपर्टी खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। जिला नगर योजनाकार नरेंद्र नैन ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक श्रमायुक्त मनीश कुमार की मौजूदगी में पुलिस टीम के साथ भिवानी-महम रोड़ पर अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को हटाया। इस दौरान छह एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से डब्ल्यूसीडी रोड़ व डिमार्केशन को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार नैन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्रॉपर्टी डीलिंग करना, प्लॉट खरीदना या बेचना नियमों के विरुद्ध है। साथ ही नियमित एवं अनुमोदित सडक़ों की हरित पट्टी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य न करने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों और निर्माण के खिलाफ इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।



## स्कूलों से सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- आरोपियों ने 39 वारदातों का किया खुलासा

पुलिस डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने जिला भिवानी सहित आसपास के जिलों में सक्रिय एक संगठित गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जो लगातार स्कूलों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

डीएसपी लोहारू संजीव गौड़ ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए लोहारू से दो आरोपियों को काबू किया है। ये आरोपी रात के समय स्कूलों में घुसकर ताला तोड़ते थे तथा वहां से कंप्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों की पहचान रवि निवासी जिनदराण, जिला रोहतक तथा शेर सिंह निवासी नोनोनद जिला रोहतक के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न जिलों में स्कूलों को निशाना बनाते थे। उन्होंने बताया कि वे जिला भिवानी में 11, जिला रोहतक में 24, जिला झज्जर में 02, जिला सोनीपत में 01 तथा जिला हांसी में 01 स्कूल में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों ने 39 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया।

### बोर्ड चेयरमैन ने ग्रहण की भारत विकास परिषद की सदस्यता

**भिवानी।** भारत विकास परिषद की शहीद मदन लाल ढींगड़ा शाखा भिवानी के कुनबे में महत्वपूर्ण व्यक्तित्व का जुड़ाव हुआ है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार शर्मा ने परिषद के संस्कारों और राष्ट्रव्यापी सेवा कार्यों से प्रभावित होकर शाखा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की है। वीरवार को हुई शिष्टाचार भेंट के दौरान चेयरमैन डॉ. शर्मा ने परिषद को भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन से मुलाकात की। प्रांतीय अध्यक्ष ने चेयरमैन को परिषद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों जैसे भारत को जानो प्रतियोगिता, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए आयोजित किए जाने वाले संस्कार कार्यक्रमों की जानकारी दी। चेयरमैन डॉ. पवन ने सदस्यता ग्रहण किए जाने पर खुशी व्यक्त की।

## प्रवासी श्रमिक, आसानी से ले सकते हैं पांच किलोग्राम के गैस सिलेंडर: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जिले में पांच किग्रा. के 2656 सिलेंडर उपलब्ध
- दिखानी होगी एक वैद्य आईडी

भारत सरकार ने एलपीजी वितरकों के काउंटर पर वैध पहचान पत्र दिखाने पर पांच किलोग्राम के छोटे एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री बढ़ा दी है। प्रवासी श्रमिकों, विद्यार्थियों, अकेले रह रहे लोगों को बिना पते के प्रमाण के ये सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि अस्थायी कॉलोनियों, झुग्गियों के निवासियों को भी आसानी से रसोई गैस मिल सके। एक वैध आईडी दिखाकर पांच किलों का सिलेंडर ले सकते हैं। उनको सिलेंडर लेने के लिए पते का प्रमाण दिखाने की जरूरत नहीं है। ये जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि पांच कि.ग्रा. के सिलेंडर, जिन्हें एफटीएल सिलेंडर कहा जाता है, दिए जा जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पांच कि.ग्रा. के 2656 सिलेंडर हैं। इनमें एचपीसीएल के पास 890 सिलेंडर, बीपीसीएल के पास 1676 सिलेंडर व आईओसीएल के पास 90 सिलेंडर उपलब्ध हैं। ये पांच कि.ग्रा. के सिलेंडर प्रत्येक गैस एजेंसी पर उपलब्ध हैं। जिला में कुल 27 गैस एजेंसी हैं। जरूरतमंद एवं इच्छुक लोग एजेंसी पर जाकर ये सिलेंडर ले सकते हैं।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप — जिले की तीन बेटियों ने दिखाया पंच का दम और पदकों के साथ जीत लिया दिल, दुनिया में बढ़ाया मान

## धनाना की प्रिया घणघस ने फाइनल में प्रतिद्वंद्वी का नहीं खुलने दिया खाता, जीत लिया सोना



**फाइनल में उत्तर कोरिया की वोन उन ग्योंग को हराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में साई भिवानी की बेटियों का जलवा रहा। साई की मुक्केबाज गांव धनाना निवासी प्रिया घणघस ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देश और भिवानी जिले का नाम रोशन किया है। प्रिया घणघस ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में अपने मुक्के का दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। फाइनल मुकाबले में प्रिया घणघस ने उत्तर कोरिया की वोन उन ग्योंग को 3-0 के अंतर से हराकर पदक अपने नाम किया। प्रिया की जीत उनके कठिन संघर्ष और धैर्य का परिणाम है। प्रिया की ऐतिहासिक सफलता पर साई के उपनिदेशक दीपक पंत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये केंद्र के लिए गर्व का दोहरा अवसर है। द्रोणाचार्य आवर्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक महावीर सिंह व मुक्केबाजी प्रशिक्षक नवीन शर्मा ने प्रिया की यह उपलब्धी बेटियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। प्रिया के गांव धनाना और भिवानी जिले में गौरवशाली उपलब्धि पर जश्न का माहौल है।

## बडेसरा की प्रीति पंवार ने प्रतिद्वंद्वी का 5-0 से दी करारी शिकस्त और जीत लिया गोल्ड



**फाइनल में तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन को दी करारी मात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बडेसरा निवासी हरियाणा पुलिस में सहायक उप निरीक्षक सोमबीर पवार की बेटी प्रीति पवार ने मंगोलिया के उलानबटोर में आयोजित एशियन एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया, प्रीति पवार ने फाइनल मुकाबले में तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन एवं टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता को 5-0 से करारी शिकस्त दी। प्रीति पवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में भी 5-0 से मात दी थी। बेटी प्रीति के गोल्ड मेडल जीतने पर पिता सोमबीर पवार, मां शनिल व चाचा एवं कोच विनोद पवार बहुत उत्साहित हैं और बेटी के आगमन का बेशर्मी से इंतजार कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि प्रीति पवार भिवानी जिले के बडेसरा गांव के निवासी है और फिलहाल महम बॉक्सिंग अकादमी में उनके चाचा एवं कोच विनोद पवार के पास प्रैक्टिस करती है। अभी प्रीति का परिवार पांच साल से महम में ही रह रहा है। प्रीति ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिद्वंदी मुक्केबाजों को करारी शिकस्त दी।

## इनकम टैक्स ऑफिसर पूजा रानी ने कब्जाया ब्रॉन्ज मेडल, अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया



**द्रोणाचार्य आवर्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक महावीर सिंह ने दी बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में साई भिवानी की बेटियों का जलवा रहा। साई की मुक्केबाज पूजा रानी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। मंगोलिया के उलानबटोर में आयोजित एशियन एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भिवानी की पूजा रानी ने कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साई के उपनिदेशक दीपक पंत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये केंद्र के लिए गर्व का अवसर है। द्रोणाचार्य आवर्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक महावीर सिंह व मुक्केबाजी प्रशिक्षक नवीन शर्मा ने पूजा की उपलब्धी पर उसे बधाई दी। द्रोणाचार्य आवर्डी महावीर सिंह ने कहा कि पूजा की सफलता ने आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम का मनोबल ऊंचा किया है। केंद्र के अन्य कोचों व स्टाफ ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं। पूजा रानी इनकम टैक्स विभाग में इनकम टैक्स ऑफिसर है। पूजा रानी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी
पुष्पा अंतानी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए।' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है।'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी। वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह







सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत
नयनतारा

बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे। कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *




**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्रेया, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


आशुतोष, उमरिया


त्रियांश, धमतरी


रुपाली, बिलासपुर


आशना, जांजगीर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



भिवानी। गांव में जागरूकता रैली निकालते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने को लेकर निकाली रैली

**सरकारी स्कूलों में मिल रही पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, पुस्तकें, यूनिफॉर्म व एमडीएम सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

गांव धनाना में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सरकारी विद्यालयों में नामांकन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रभावशाली मेले लगाया। मेला राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, धनाना में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र प्ले वे स्कूल में आयोजित किया, जिसका उद्देश्य केवल आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय तक सीमित न रहकर पूरे गांव के सभी राजकीय विद्यालयों के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के माध्यम से महिलाओं को सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सरकारी विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाएं, निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मिड-डे मील, डिजिटल शिक्षा एवं खेल सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कन्या वमा विद्यालय धनाना की प्राचार्या सुदेश चौहान ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाएं।

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, धनाना के मुख्य अध्यापक अशोक ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र की सुपरवाइजर राधा ने आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। इस मौके पर प्राचार्या सुदेश चौहान, मुख्य शिक्षक अशोक कुमार, कन्या प्राथमिक विद्यालय धनाना से पूनम एवं कविता, प्रवक्ता मीनाक्षी, मोनिता, आशा एवं उषा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर राधा, आंगनबाड़ी कर्मचारी पूनम, वीरमती व ओमपति आदि उपस्थित रही। सभी ने मिलकर ग्रामीण महिलाओं को सरकारी विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया।

## वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने निकाली रैली

# साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए सर्वाधिक हितकारी: सर्राफ

**हर व्यक्ति को कुछ दूरी तक साइकिल जरूर चलानी चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी है। रोजाना हर व्यक्ति को कुछ दूरी तक साइकिल जरूर चलानी चाहिए। साइकिल चलाने से सबसे ज्यादा व्यायाम होता है। उन्होंने उक्त बात विद्यालय के ईको क्लब द्वारा आयोजित साइकिल रैली के अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि यह देश व समाज के लिए एक अनोखी पहल है। वर्तमान में चल रहे ऊर्जा संकट के संदर्भ में देखा जाए, तो साइकिल रैली के माध्यम से साइकिल के प्रयोग को प्रोत्साहित करना एक सराहनीय कदम है इस तरह की रैलियां दोहरे उत्तरदायित्व का निर्वहन करती है अर्थात लोगों को पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य दोनों के प्रति जागरूक करती हैं। हमें इस तरह की रैलियों का आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए । विद्यालय परिसर से इस रैली का शुभारंभ प्रबंध कारिणी समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ, सदस्य पवन अग्रवाल एवं विद्यालय प्राचार्या कमला गुरेजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उल्लेखनीय है कि वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईको क्लब के तत्त्वावधान में कक्षा नौवीं व दसवीं के लगभग 115 विद्यार्थियों ने इस रैली में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

रैली में कुछ विद्यार्थी अपने हाथों में पट्टियां व बैनर लिए हुए थे जिन पर 'साइकिल चलाओ पेट्रोल बचाओ' व 'पर्यावरण बचाना है तो साइकिल को अपनाना है' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से संदेश दिया गया कि हम साइकिल को अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण में सुधार कर ऊर्जा संकट के दुष्प्रभाव से भी बच सकते हैं। ऊर्जा संकट एक बड़ा पर्यावरणीय चुनौती है जिसका सामना आज दुनिया कर रही है।ऊर्जा की बढ़ती मांग और जीवाश्म ईंधन के सीमित भंडार ने हमें नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने के लिए मजबूर किया है। विद्यालय द्वारा निकाली गई यह साइकिल रैली शहर भर के सभी मुख्य मार्गों दिनोद गेट, घंटाघर, हांसी गेट व शिक्षा बोर्ड तक जागरूकता का संदेश देकर लौटी।

विद्यालय प्राचार्या ने कहा कि वैश्य मॉडल के विद्यार्थी विद्यालय में बने हुए विभिन्न क्लबों के माध्यम से विद्यालय में समय-समय पर अपनी सेवाएं प्रदान करते रहते हैं।

### हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं: पवन

इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य पवन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी मिलकर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए कम करें और एक स्वस्थ्य वह हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### पर्यावरण की रक्षा सब की जिम्मेदारी: कमला

विद्यालय प्राचार्या कमला गुरेजा ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन की आधारशिला है और इसकी रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा।

## खबर संक्षेप



### बौंदकलां में ब्रह्माकुमार भीमसिंह चौहान को किया सम्मानित

भिवानी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा बौंदकलां में ब्रह्माकुमार भीमसिंह चौहान के सम्मान में विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि बीके भीम भाई 21 वर्ष की सरकारी सेवा के बाद पूर्ण रूप से बाबा की सेवा में समर्पण भाव से कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं। आज उन्हें बौंदकलां शाखा की जिम्मेदारा देते हुए बीके सुमित्रा बहन ने कहा आध्यात्मिक जीवन व्यतीत करने के साथ-साथ सामाजिक व व्यावहारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे। समय-समय पर आध्यात्मिक संगोष्ठी और प्रदर्शनी लगाकर लोगों को अध्यात्म के बारे में अधिक से अधिक जानकारी देते रहेंगे ताकि आमजन मानस को जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त होता रहे। इस अवसर पर बीके आरती बहन, बीके सुष्मा, बीके नीलम, बीके गोवर्धन, मास्टर नसीब बास, अजीत राव अचीना, मीडिया कोऑर्डिनेटर बीके धर्मबीर भाई आदि मौजूद थे।

### समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर रक्तदान शिविर कल

लोहारू। आगामी 11 अप्रैल को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर बोहरा धर्मशाला में रक्तदान शिविर एवं विचार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें एसडीएम मनोज दलाल मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जन अधिकार चेतना अभियान के संयोजक विजय गुरावा ने बताया कि यह आयोजन समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से शिविर में रक्तदान कर महान समाज सुधारक को श्रद्धांजलि देने की अपील की।

### किसानों को एग्रीस्टैक आईडी से मिलेगा सरकारी योजनाओं लाभ : उपायुक्त

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि एग्रीस्टैक आईडी किसानों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण आईडी है। इसके बनवाने से किसानों को सभी सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ मिलेगा। जिन किसानों ने अभी तक अपनी एग्रीसटेक आईडी नहीं बनवाई है, वे शीघ्र अपनी आईडी बनवाएं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल छह लाख 161 किसानों में से केवल 81 हजार 873 किसानों की एग्रीसटेक आईडी बनी है, अभी 5 लाख 18 हजार 288 (लगभग 86 प्रतिशत) किसानों की आईडी अभी बननी शेष है। किसान जल्द से जल्द एग्रीसटेक आईडी बनवाएं ताकि भविष्य में मिलने वाली सभी सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फौगाट ने किसानों का आह्वान करते हुए बताया है कि जिले के किसानों को कृषि विभाग द्वारा एग्रीसटेक आईडी के अंतर्गत किसानों का डिजिटल पंजीकरण अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है, ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी एवं सेवाओं का लाभ पारदर्शी एवं सीधे उनके खाते में पहुंचाया जा सके। कृषि विभाग द्वारा यह कार्य विशेष अभियान के रूप में चलाया जा रहा है।

### नागरिकों की समस्याओं के समाधान में कोताही ना बरतें अधिकारी: उपायुक्त

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता व ध्यानपूर्वक सुनें और उनके समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाता है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी वीसी के माध्यम से जुड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए अधिकारी शिकायतों को अपने पास लंबित ना रखें और शिकायतों का अतिशीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना जाए और उनका प्रभावी समाधान किया जाए।

### किसानों का लक्ष्य अपनी जमीन बचाना : दलीप

तोशाम। तोशाम में बाईपास मार्ग पर जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे धरनारत किसानों सहित आज पूरे देश में किसानों का लक्ष्य है जमीनों को बचाना, जबकि भाजपा सरकार का लक्ष्य है किसानों से जमीन को छीनना। उक्त शब्द धरना संयोजक एवं डीसीसी चरखी दादरी सचिव दलीप सिंह सांगवान ने बाईपास मार्ग पर धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नजरे जमीनों को हथियाने पर टिकी हुई है, पिछले दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा तोशाम में आईएमटी स्थापित करने की घोषणा भी इसका उदाहरण है। उनका कहना था कि सरकार जहां कहीं पर भी आईएमटी स्थापित करने की बात करती है तो रोजगार के सपने दिखाना नहीं भूलती। जबकि कृषि कार्य से बड़ा रोजगार देने वाला कोई धंधा नहीं है। हकीकत में जिस प्रकार यहां के धरनारत किसानों को सरकार जमीन से बेदखल करना चाहती है इसी प्रकार आईएमटी किसानों को जमीन से बेदखल करने का सरकारी हथियार है। उन्होंने तोशाम क्षेत्र के किसानों से आह्वान किया कि आईएमटी को जमीन देने से पहले बिहार से आने वाले मजदूरों की हालात देखें जो जमीन छीने जाने से पहले वहां पर किसान होते थे।

# 30 अप्रैल तक खुला रहेगा पोर्टल: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम



तोशाम। जनगणना का प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा की जा रही जनगणना-2027 के लिए नागरिक घर बैठे ही स्वजनणना कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल सेनसेसइंडियाडोटजीओवीडोटइन 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक खुला रहेगा। एसडीएम ने स्वगणना को लेकर कहा कि डिजिटल जनगणना 2027 के स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण करने की स्टेप-टू-स्टेप प्रक्रिया में सबसे पहले आधिकारिक सेनसेसइंडियाडोटजीओवीडोटइन पोर्टल पर जाएं या मोबाइल ऐप डाउनलोड करें। मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के लिए अपना सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करें। आपके नंबर पर एक वन टाइम पासवर्ड आएगा, उसे भरकर वेरीफिकेशन पूरा करें। प्रारंभिक जानकारी में परिवार के मुखिया का नाम चुनें, अपना राज्य (हरियाणा), जिला और तहसील सिलेक्ट करें, यूजर आईडी और पासवर्ड वेरिफिकेशन के बाद, आपको एसएमएस के जरिए एक यूर्जर आइडी और पासवर्ड मिलेगा। इसका उपयोग करके पोर्टल पर लॉगिन करें। उन्होंने बताया कि एक मोबाईल से एक परिवार की ही जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि स्वगणना के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। विशेषकर विद्यार्थियों को स्वगणना की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को भी स्वगणना के लिए जागरूक किया जाएगा, इसके लिए मुख्यालय से प्रचार-प्रसार सामग्री भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी स्वयं के साथ-सथ उनके संपर्क के लोगों को स्वगणना के लिए जागरूक करें।

### घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किया तो विभाग करेगा कार्रवाई: संदीप

लोहारू। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक संदीप सिंह ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करता हुआ पाया गया उसके खिलाफ विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में घरेलू गैस की कोई किल्लत नही है। इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने गुरूवार को विभाग की उपनिरीक्षक राधा के साथ कस्बे के अनेक मिष्ठान भंडार और होटलों का निरीक्षण किया और संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हालांकि निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। उन्होंने बताया कि शहर के जिंदल मिष्ठान भंडार, इंडियन मिष्ठान भंडार, श्याम मिष्ठान भंडार सहित कई मिठाइयों की दुकानों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने शहर के सभी होटल संचालकों और मिठाई की दुकान चलाने वाले लोगों को निर्देश दिए कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग न करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस की किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है, उपभोक्ता आवश्यकतानुसार ही सिलेंडर बुक करें इसके अतिरिक्त गैस की कालाबाजारी या जमाखोरी के बारे में पता चले तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

# किसान सभा ने युद्ध विराम का किया स्वागत

- 11 अप्रैल को किसान व आमजन की मांगों को लेकर होगा विरोध प्रदर्शन : कामरेड ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहल




अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा ओबरा गांव में ग्रामीणों की सभा की गई। जिसमें इजराईल-अमेरिका द्वारा लेबनान व ईरान पर हुए हमलों से हमारे देश को हुए नुकसान व गैस तेल की बढ़ती कीमतों व आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा महंगाई बढ़ने से किसान मजदूर व आम जनता पर पड़ने वाले प्रभाव को आंका गया। अभी बातचीत से कुछ दिन ईरान पर युद्ध विराम का स्वागत किया है, परन्तु अभी लेबनान पर हमला जारी है।

किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उप प्रधान कामरेड ओमप्रकाश व जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने कहा कि हमारे देश की सरकार ने साम्राज्यवाद विरोधी विदेश नीति को छोड़कर इजराइल व अमेरिका से व्यापारिक संबंध बनाए हैं तथा अमेरिका से व्यापार समझौता कर रहे है, उससे कृषि व डेयरी उत्पादों के आयात पर जीरो टैरिफ लगाया है। उससे हमारा किसान,खमजदूर व लघु उद्योग बर्बाद हो जाएंगे। इसलिए यह समझौता प्रारूप रद्द हो, युद्ध को स्थायी तौर पर बंद करवाने हेतु भारत सरकार कूटनीतिक प्रयास करे, महंगाई पर अंकुश लगाते हुए तेल गैस जैसी उर्जा वस्तुओं की आपूक्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा अनाज मंडियों में लागू की जा रही बायोमेट्रिक मशीन को वापिस करने, सरसों व गेहूं की नमी प्रतिशत को बढ़ाने व समर्थन मूल्य पर खरीद प्रणाली को तेज करने की मांग की है।

### श्रमिकों पर लाठीचार्ज करने की निंदा की

बाढ़ड़ा। माकपा के राज्य सचिव मंडल ने मानेसर, गुरुग्राम में आंदोलनरत ठेका मजदूरों पर प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। कमेटी सचिव ने कहा कि अपने अधिकारों की आवाज उठाना संविधान में मिला अधिकार है लेकिन सरकार गरीब तबके की आवाज दबाना चाहती है। चार-पांच दिनों से ऑटोमोबाइल और गारमेंट्स उद्योग के ठेका मजदूर वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। अंततः सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन 15200 रुपये मासिक का नोटिफिकेशन आज 9 अप्रैल को जारी किया गया है।

# जाट समाज के अस्तित्व एवं परंपराओं पर प्रहार बर्दाश्त नहीं : कुलदीप

- सर छोटूराम के पदचिह्नों पर चल समाज में रखनी होगी परंपरा व खून के रिश्तों की पवित्रता : फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष कुलदीप फौगाट ने जाट समाज की सांस्कृतिक विरासत और अंतरजातीय विवाह के विषय पर समाज के कुछ स्वयंभू नेताओं के बयानों पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जाट समाज अपनी नस्ल और फसल की शुद्धता और मर्यादा के लिए जाना जाता है, जिससे किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाएगा।

कुलदीप ने किसानों और जाट समाज के मसीहा दीनबंधु चौधरी छोटूराम का उल्लेख करते हुए कहा कि वे हमारे इष्ट देव के समान हैं, चौधरी छोटूराम ने सदैव कमेरा वर्ग (किसान और मजदूर) को एक सूत्र में पिरोने और समाज को जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके पदचिन्हों पर चलते हुए समाज को अपनी परंपराओं और खून के रिश्तों की पवित्रता को बनाए रखना चाहिए। फौगाट ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर कुछ नेताओं द्वारा अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देने वाले बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत विविध जातियों और धर्मों का देश है, समाज में जातियों और धर्मों का अंतर ही समाप्त हो जाएगा, तो सामाजिक ढांचा बिखर जाएगा। उन्होंने याद दिलाया कि 1938 में रोहतक में हुए ऐतिहासिक अधिवेशनों और बैठकों का उद्देश्य समाज को संगठित और मजबूत बनाना था।

### मंडियों में सरसों और गेहूं बेचने में आ रही समस्याओं पर चिंता जताई

भिवानी। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कमेटी भिवानी बेमोशमी बारिश और ओलावृष्टि के कारण खड़ी रबी फसलों को हुए भारी नुकसान और मंडियों में सरसों व गेहूं बेचने में आ रही समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि भिवानी, दादरी व महेंद्रगढ़ जिले में भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुई। इस ताजा तबाही ने हजारों किसानों और कृषि मजदूरों की उम्मीदों को पूरी तरह तोड़ दिया है, जो इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे थे। पिछले खरीफ सीजन में भी इन जिलों के 6 दर्जन से अधिक गांव में कई क्षेत्रों में बाढ़ के कारण फसलें नष्ट हो गई थीं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों को पर्याप्त मुआवजे के लिए आंदोलन करना पड़ा और फिर भी उन्हे अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। यह बहुत दुखद है कि जो किसान पिछले नुकसान से अभी उबर भी नहीं पाए थे, वे इस नई आपदा से पूरी तरह टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जिसे 2017 में बड़े प्रचार के साथ शुरू किया गया था, वर्तमान परिस्थितियों में कॉर्पोरेट मुनाफे सुनिश्चित करने का एक साधन बनती जा रही है, जबकि प्रभावित किसानों को समय पर और पर्याप्त मुआवजा देने में विफल रही है।



भिवानी। नागरिक अस्पताल में बैठक में जानकारी देते डॉ. सुधीर चाहर।

### 15 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें : डॉ. चाहर

तोशाम। नागरिक अस्पताल तोशाम में वीरवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की ओर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण के लिए जागरुकता बैठक का आयोजन किया। बैठक में 14 से 15 साल की किशोरियां को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। इस मौके पर एचपीवी संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. चाहर ने कहा कि सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, एचपीवी वैक्सीन लगाकर लड़कियों को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र में इस विषय पर जागरूक करते हुए 15 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों को भी वैक्सीन के महत्व के बारे में समझाते हुए अधिकाधिक बच्चों को इसका लाभ दिलाने का आह्वान किया। डॉ. ओजस्वनी शर्मा ने बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह से सुरक्षित है और इजेक्शन वाली जगह पर दर्द, सूजन या लालिमा हो सकती है। बुखार, सिरदर्द और थकान, चक्कर या मतली के लक्षण दिखाई पड़ सकते हैं। बैठक में विजय कुमार, राजेन्द्र सिंह, मंजू देवी, कुसुम मलिक आदि उपस्थित रहे।

**परेशानी**

**पानी की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद**

# हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर मार्केट के दोनों तरफ बनेंगे नाले, मिली हरी झंडी

**गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी परेशान**

- नालों के निर्माण से इस समस्या से निजात मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर के मुख्य हांसी-भिवानी मार्ग पर स्थित मार्केट क्षेत्र में लंबे समय से बनी जल निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में अब बड़ी पहल की गई है। संबंधित विभाग की ओर से मार्केट के दोनों तरफ नालों के निर्माण को हरी झंडी दे दी गई है। इस परियोजना के शुरू होने से शहर के दुकानदारों व आम नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर स्थित बाजार में बरसात के दिनों में पानी जमा होने और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन से समाधान की मांग भी की थी। अब विभाग द्वारा नालों के निर्माण को मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्र में नालों के निर्माण से जल निकासी की समस्या दूर होगी और बारिश के समय सड़कों पर पानी जमा नहीं होगा। इससे दुकानदारों के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत मिलेगी। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से बाजार में जलभराव की समस्या बनी हुई थी, जिससे दुकानों के सामने गंदा पानी जमा हो जाता था और आने-जाने वालों को दिक्कत होती थी। हालांकि मौजूदा भी नालों में बंध लगाकर नाले का पानी नाले में डाला जा रहा है जो अचरज की बात है। लेकिन अब नालों के निर्माण से इस समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

### विकास कार्यों की योजनाएं तैयार

नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में विकास कार्यों की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और जहां भी समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर बनने वाले नाले बाजार क्षेत्र की स्वच्छता और व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बड़ी समस्या का समाधान होगा

नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री का कहना है कि नालों के निर्माण कार्य को जल्द शुरू कर समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता और जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि यह कार्य जल्द पूरा होगा और शहर की एक बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि जो जो वायदे किए गए हैं सभी पूरे किए जाएंगे। बस जनता के सहयोग की जरूरत है।

**सूचना**

मैं, सन्तरा देवी विधवा श्री जयबीर निवासी पपोसा तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र काला कृष्ण मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### 4 किलोग्राम चूरा पोस्त के साथ चालक गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** सीआईए स्टाफ चरखी दादरी की टीम ने कंटेनर चालक को 4 किलो 701 ग्राम चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरमेल सिंह निवासी मेहरामपुर जिला एसबीएस नगर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि वीरवार को सीआईए स्टाफ दादरी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। कंटेनर चालक गुरमैल सिंह नशीला पदार्थ ड्राइवर सीट के पीछे काले रंग की पॉलीथिन में छिपाया था। पूछताछ के लिए आरोपी को 4 दिन रिमांड पर लिया गया है।

### मकान सूचीकरण व गणना कार्य जिम्मेदारी से करें

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े देश की भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपादित किया जाए, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें।

### मुख्यमंत्री ने वीसी से किया औचक निरीक्षण

**चरखी दादरी।** वीरवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का वीसी के माध्यम से औचक निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में उपायुक्त और उपमंडल पर एसडीएम समाधान शिविरों में स्वयं उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित करें। प्रदेश का एक एक अधिकारी व कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह है।

### सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर भाई बहन ने इतिहास रचा

**बाढड़ा।** केन्द्र सरकार के कर्मचारी चयन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीजीएल परीक्षा में काकड़ौली हुक्मी निवासी एक ही परिवार से दो बच्चों का चयन होने पर परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। दोनों भाइयों के एक लड़की व दो लड़कों का केन्द्रीय सेवाओं में चयन होने से उनको बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। काकड़ौली हुक्मी निवासी मेद्यावी कपिल पुत्र प्रदीप श्योराण एसएससी परीक्षा उतीर्ण कर केन्द्रीय जीएसटी विभाग में उर्वशी पुत्री प्रदीप श्योराण आयकर विभाग में चयनित हुई हैं। कपिल मौजूदा सूची में चयनित हुए है।

## अंदरुनी शहर के लिए भी छोटी मशीन की खरीद की तैयारी: भवानी प्रताप

# ‘स्वीपिंग मशीन’ से चमका ‘सर्कुलर रोड’

# पानी छिड़कने से धूल का गुब्बार शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार का दिन शहर के लोगों के लिए बेहद राहत भरा रहा। अब शहर की सड़कों पर रेत व धूल का गुब्बार नहीं उठेगा। उक्त मशीन सैंकड़ों सफाई कर्मचारियों का कार्य एक साथ करेगी। पूरे सरकूलर रोड को कुछ ही घंटों में चकाचक कर देगी। इसी क्रम में गुरुवार को नगरपरिषद ने शहर के सरकूलर रोड व अन्य बाहरी सड़कों की सफाई के लिए सड़क पर स्वीपिंग मशीन उतार दी।

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानीप्रताप सिंह ने नारियल फोड़कर शहर की मशीन से सफाई करने के कार्य का श्रीगणेश करवाया। स्वीपिंग मशीन से सरकूलर रोड हांसी गेट से कार्य शुरू करवाया गया। कुछ ही घंटों में पूरे सरकूलर रोड पर सड़क किनारे जमी मिट्टी को ब्रूशों से उखाड़कर वैक्यूम ने अंदर खींच लिया। जिससे शहर की सड़के चमक गई। साथ ही ब्रूशों से बना धूल के गुब्बार को शांत करने के लिए उक्त मशीन में पीछे लगे फुव्वारों से पानी का छिड़काव किया गया।

दोनों कार्य एक साथ चले। जिस वजह से सड़कों पर धूल का गुब्बार ही नहीं बन पाया। इस मशीन से सरकूलर रोड के साथ साथ बाहरी कॉलोनियों की सड़कों पर पड़े कचरे को भी उठाया जाएगा। जरूरत पड़ी तो अन्य सड़कों पर भी इसी तरह से सफाई करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि अभी तक नगरपरिषद सरकूलर रोड की सफाई का कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाई जाती थी। अब स्वीपिंग मशीन से सफाई का कार्य होगा।



भिवानी। स्वीपिंग मशीन से शहर की सफाई अभियान का श्रीगणेश करवाते हुए।

### कुछ ही घंटों में काम हो गया पूरा

*इस बारे में नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि सरकूलर रोड व बाहरी कॉलोनियों की तरफ बने सड़कों की सफाई का कार्य स्वीपिंग मशीन से करवाना शुरू कर दिया है। अगर इस मशीन से सड़कों पर उतार दिया और सर्कूलर रोड की सफाई करवाई गई है। पूरे सर्कूलर रोड की सफाई का कार्य कुछ ही घंटों में मुकम्मल हो गया। अगर इस कार्य को कर्मचारियों से करवाते तो करीब सौ के आसपास कर्मचारी लगते और दो से तीन दिनों में यह कार्य पूरा हो पाता। अब यह कार्य कुछ ही घंटों में पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि अगर इस मशीन से सर्कूलर रोड की सफाई सही ढंग से हो जाती है तो वे अंदरुनी शहर की सड़कों व गलियों की सफाई का कार्य के लिए छोटी स्वीपिंग मशीन लाएंगे। जिसके लाने की तैयारी शुरू कर दी है।*

### अंदरुनी शहर के लिए मंगवाई जाएगी छोटी मशीन

अभी तक अंदरुनी शहर की सड़कों व गलियों की सफाई नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी करते है। अंदरुनी शहर की सफाई के लिए कर्मचारी कम है,लेकिन शहर का दायरा ज्यादा है। जिस वजह से अंदरुनी शहर की सफाई सही ढंग से नहीं हो पाती। वहीं सफाई कर्मचारियों पर सफाई का अतिरिक्त बोझ भी पड़ा रहता है। बताया जा रहा है कि नगरपरिषद ने जो सर्कूलर रोड की सफाई के लिए जो मशीन खरीदी है। वह मशीन सफाई के लिहाज से कामयाब हो गई तो आने वाले समय में अंदरुनी शहर की सड़कों व गलियों के लिए छोटी स्वीपिंग मशीन खरीदी जाएगी। ताकि कर्मचारियों के साथ मशीन से बाजारों की सफाई सही तरीके से की जा सके। इसके लिए नप ने प्रस्ताव तैयार किया है।

### वैक्यूम सिस्टम से कचरा खींच रही है मशीन

उक्त मशीन में अनेक बड़े ब्रूश लगे हैं। ये ब्रूश कचरे को एकत्रित करते है और मशीन में लगे वैक्यूम सिस्टम से कचरा अंदर खींचा जा रहा है। यहां पर बने एक टैंक में कचरा एकत्रित हो जाता है। जिस वक्त मशीन का टैंक कचरे से भर जाता है उसी वक्त साथ चल रहे ट्रैक्टर ट्राली में कचरा डाल दिया जाता है। उसके बाद फिर से ब्रूशों की मदद से सफाई के कार्य में मशीन जुट जाएगी। इसके अलावा मशीन के ब्रूशों को छोटा व बड़ा भी किया जा सकेगा। अगर फुटपाथ की सफाई करनी है तो ब्रूश को टेढ़ा करके कचरा मशीन की तरफ लाया जाएगा और मशीन उस कचरे को वक्यूम की मदद से खींच लेती।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए किए गए पुख्ता प्रबंधः उपायुक्त

- 11 अप्रैल को दादरी नई सब्जी मंडी में प्रस्तावित है कार्यक्रम
- उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ दादरी में 11 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम स्थल पर प्रबंधों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय नई सब्जी मंडी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और पुलिस विभाग सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए कार्य कर रहा है। इसी को देखते हुए क्षेत्र में नो फ्लाइंग जोन के आदेश भी धारा 163 के तहत जारी किए जा चुके हैं।



भिवानी। रैली स्थल का निरीक्षण करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी

### इ्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

*उन्होंने हेलीपैड और नई सब्जी मंडी परिसर में पहुंचकर प्रबंधों का जायजा लिया। समारोह स्थल पर मुख्य मंच के साथ-साथ सांस्कृतिक मंच भी बनाया गया है और आम जनता के लिए बैठने के प्रबंध किए गए है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है। उपायुक्त ने वीवीआईपी वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ मीडिया कर्मियों तथा आमजन के वाहनों की पार्किंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के दौरान यातायात को सुचारू बनाये रखने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम डॉ विरेन्द्र सिंह, सीटीएम डॉ सुभाष चन्द्र व पुलिस अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।*



भिवानी। नाले के साथ साथ गुजरती पानी की लाइनें।

### नालों से गुजरने वाले पेयजल कनेक्शन को हटवाएं

**भिवानी।** सीवर व खुले नालों से होकर जाने वाली पेयजल लाईन ही पानी गंदा होने का मुख्य कारण है। जिला प्रशासन के पास पहुंचने वाली गंदे पानी से आपूर्ति से संबंधित अधिकांश शिकायतें ऐसी होती हैं, जिनकी पाइप लाईन सीवर या गंदे नाल से गुजर रही होती हैं और वे कहीं न कहीं लीकेज होती हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे ऐसी पेयजल लाईनों को शीघ्र हटवाकर अन्य साफ जगह से लें, ताकि उनके घरों में स्वच्छ पेयजल जाए। सीवर लाईन से होकर जाने वाले या गंदे नाले से होकर जाने वाले कनेक्शन निर्धारित पैमानों के विरूद्ध होते हैं। विभाग ऐसे कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई भी करेगा।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता कपिल देव ने बताया कि उनके विभाग और जिला प्रशासन के साथ-साथ समाधान शिविरों में अनेक शिकायतें स्वच्छ पेयजल आपूर्ति ना होने से सबंधित आती हैं। मौके पर जाकर देखते हैं तो वहां की पेयजल लाईन सीवर या गंदे नाले से गुजर रही मिलती है, जो लीकेज की स्थिति में पानी गंदा होने का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि शहर में ऐसे करीब 40 प्रतिशत पेयजल कनेक्शन हैं।

इस प्रकार के कनेक्शन पेयजल के दूषित होने का मुख्य कारण बन रहे हैं, जिससे हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे सीवर व खुले नालों से पेयजल कनेक्शन ना करें। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे ऐसे कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से खुले नालों से हटाकर निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित स्थान पर स्थापित करें, ताकि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### बुजुर्गों से दुर्व्यवहार के खिलाफ समाधान शिविर में सौंपी शिकायत

**भिवानी।** हरियाणा में निजी बस संचालकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी नियमों के अनुसार किराए में छूट न देने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला अब गरमा गया है। वीरवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला पदाधिकारियों ने राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह के नेतृत्व में समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त से मुलाकात की और इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को परिवहन आयुक्त द्वारा जारी वह आधिकारिक पत्र सौंपा, जिसमें स्पष्ट निर्देश हैं कि निजी बसों में भी वरिष्ठ नागरिकों को रियायती किराए की सुविधा मिलनी चाहिए। संघ ने आरोप लगाया कि आदेशों के बावजूद निजी बस संचालक न केवल पूरा किराया वसूल रहे हैं, बल्कि विरोध करने पर बुजुर्गों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तुरंत जिला परिवहन अधिकारी को अपने कार्यालय में तलब किया तथा निर्देश दिए कि निजी बसों में सरकार द्वारा जारी सभी हिदायतें और रियायतें सख्ती से लागू की जाएं, वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी सूरत में तंग न किया जाए, अन्य आरक्षित श्रेणियों को भी सरकार द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### शिक्षक समाज का दर्पणः हरिराम स्वामी

**भिवानी।** विकास हाई स्कूल में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के बहुमूल्य योगदान को मान्यता देना और उनके अथक परिश्रम के प्रति आभार व्यक्त करना था। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य हरिराम स्वामी ने की। प्राचार्य हरिराम स्वामी ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा, एक बेहतर समाज की नींव एक शिक्षक ही रखता है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक दौर में तकनीक के साथ जुड़कर विद्यार्थियों के कौशल विकास पर ध्यान देने के लिए भी प्रेरित किया। सम्मान की कड़ी में प्राचार्य ने स्कूल के प्रत्येक शिक्षक को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस सराहना के लिए विद्यालय प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों के सम्मान में लघु नाटक और कविताएं प्रस्तुत कीं, जिससे माहौल काफी भावुक और प्रेरणादायक हो गया।



### युवाओं को सुनीता श्योराण से लेनी चाहिए प्रेरणा

**बाढड़ा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को स मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बाढड़ा क्षेत्र की मेद्यावी बेटी सुनीता श्योराण को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। राज्य मुख्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में मुयमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसी कठिन परीक्षा को पास करना आसान नहीं होता। इसके लिए निरंतर मेहनत अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं की यह उपलब्धी पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## विधायक का दादरी विकसित रैली को लेकर व्यापारियों संग संवाद

# सीएम कल देंगे करोड़ों की सौगातः विधायक

- विधायक सुनील सांगवान और विधायक उमेद पातुवास ने जन सहभागिता को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी विकसित रैली को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में दादरी के विधायक सुनील सांगवान और बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास ने संयुक्त रूप से स्थानीय व्यापारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान रैली की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जन सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 11 अप्रैल को दादरी की नई सब्जी मंडी में आयोजित विकसित दादरी रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस अवसर पर दादरी क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की घोषणा करेंगे, जिससे लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा। वहीं विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि यह रैली दादरी के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में दोनों विधायकों ने व्यापारियों व वैश्य समाज से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने दोनों विधायकों का स्वागत किया और व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि वे रैली को सफल बनाने में पूरा सहयोग देंगे और बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## न्यूज डायरी



### रेडीनेस मेले में अभिभावकों को किया जागरूक

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के गांव गुजरानी स्थित प्ले स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्कल सुपरवाइजर अंजना ने रिबन काटकर किया। रेडीनेस मेले में अभिभावकों को जागरूक किया। मेले के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया कि प्रारंभिक अवस्था में सही मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है। प्ले स्कूल शिक्षा बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी होती है, जहां खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सीखने का अवसर मिलता है। इस दौरान अभिभावकों को प्ले स्कूल एजुकेशन किट के बारे में भी अवगत कराया गया, जिसमें इंग्लिश की किताबें, पजल्स तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल हैं। इस अवसर पर प्ले स्कूल स्टाफ सदस्य व बच्चे तथा उनके अभिवावक उपस्थित रहे।

### निजी स्कूल व्यापारिक केंद्र बनें: शिवकुमार

**भिवानी।** निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में भारी-भरकम फीस वसूली और किताबों के नाम पर चल रहे कमीशन के खेल के खिलाफ ह्यूमन राइट्स एंटी करप्शन काउंसिल ने सख्त रुख अख्तियार किया हैं। काउंसिल के चेयरमैन अधिवक्ता शिवकुमार बेडवाल व सचिव अधिवक्ता अजय सभ्रवाल ने मुद्दे पर गहरा संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से तुरंत दखल देने की अपील की है। अधिवक्ता शिवकुमार ने कड़े शब्दों में कहा कि वर्तमान में निजी स्कूल शिक्षा के मंदिर न रहकर व्यापारिक केंद्र बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों द्वारा एडमिशन फीस, डेवलपमेंट चार्ज, ट्रांसपोर्ट और एनुअल फीस के नाम पर अभिभावकों की जेबों पर डकैती डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं, लेकिन निजी स्कूल मोटी कमीशन के लालच में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें जबरन थौंप रहे हैं।

### 11 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर गरजेंगे किसान

**भिवानी।** प्रदेश की अनाज मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों पर थोपी जा रही अनाप-शनाप शर्तों और फैसलों के खिलाफ किसान संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा के 11 अप्रैल के प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के आह्वान को अब ग्राम स्वराज किसान मोर्चा का भी पुरजोर समर्थन मिल गया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने स्पष्ट किया कि उनके संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीद प्रक्रिया में लगाई जा रही जटिल शर्तें किसान विरोधी हैं, जिससे आम किसान मंडियों में अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। जोगेंद्र तालु ने कहा कि सरकार एक तरफ किसान की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर मंडियों में ऐसे नियम थौंप दिए गए हैं कि किसान अपनी ही उपज बेचने के लिए अपराधी की तरह खड़ा नजर आता है।

### फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किया जागरूक

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के आदेशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसल अवशेषों को नहीं जलाने और फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूक किया। किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी कीमत पर पराली ना जलाएं। विभाग द्वारा सेटेलाईट द्वारा निगरानी की जा रही है। पराली जलाने की घटना तुरंत विभाग के पास लोकेशन सहित पहुंच जाएगी। पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ एवं कृषि विकास अधिकारी तरुण कुमार ने गांव खरक, कलिंगा, चांग बडेसरा के खेतों में पहुंचे। उन्होंने वहां किसानों को गेहूं की पराली न जलाने बारे में जागरूक किया। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि रबी फसलों (गेहूं, सरसों एवं अन्य फराले) की कटाई का समय प्रारंभ हो चुका है।

### विश्व होम्योपैथी दिवस पर चिकित्सा शिविर आज

**भिवानी।** आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक संजीव वर्मा के निर्देशानुसार डॉ. सैमुअल हैनिमैन के 271वीं जयंती के उपलक्ष्य में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर जिला आयुष विभाग और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा 10 अप्रैल को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक सैक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित किया जाएगा। शिविर में अनुभवी होम्योपैथिक डॉक्टरों और विशेषज्ञों द्वारा जटिल बीमारियों का परामर्श और उपचार किया जाएगा। इस दौरान त्वचा रोग, घुटनों व जोड़ों का दर्द, श्वास संबंधी रोग, पाचन संबंधी रोगऔर महिलाओं से संबंधित रोग आदि की जांच की जाएगी तथा आयुष विभाग द्वारा शिविर में आने वाले मरीजों को होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवाइयां मुफ्त प्रदान की जाएंगी। इस दौरान योग, प्राणायाम व दैनिक दिनचर्या व आहार के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। शिविर में आयुर्वेदिक एवं पंचकर्मा ओपीडी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्थानीय प्रशासन और आयुष विभाग भिवानी ने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं। कार्यक्रम उपायुक्त के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है।



### नगर पालिका ने चलाया बंदर पकड़ो अभियान

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका बवानीखेड़ा द्वारा कस्बे में बढ़ती बंदरों की समस्या को देखते हुए बंदर पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंदरों के कारण आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको गंभीरता से लेते हुए नपा ने संबंधित टीम को बुलाकर कार्य शुरू करवाया है। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे कस्बे में चलाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें । उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 500 बंदरों को सम्बन्धित एजेंसी द्वारा पकड़ कर यमुनानगर , कलेसर जंगल में छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपने नगर पार्षद बलराम गुज्जर, पार्षद अशोक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप, पार्षद प्रतिनिधि जोगेंद्र आदि की एक निगरानी कमेटी बनाई गई है जो इस अभियान पर निगरानी रखेंगे।

### ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी

**तोशाम।** ग्रामीणों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ऋण सहायता राशि व बैंक से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पटौदी में हरियाणा ग्रामीण बैंक की नई शाखा शुरू की गई है, जिसका शुभारंभ हरियाणा ग्रामीण बैंक के चेयरमैन सुमंत कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि नई शाखा खोलने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926